प्रेस नोट

दिनांक 25.06.2025

थाना मुस्करा पुलिस द्वारा चोरी के माल सहित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना मुस्करा में पंजीकृत मु0अ0सं0 130/2025 धारा 331(4)/305/317(2) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त हरिश्चन्द्र पुत्र झन्नी को पावर हाउस ग्राम इमिलिया से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी किया गया माल 01 अदद साईकिल, 0.77 कुंतल गेहूं दो बोरी में व 1000/- रुपये नगद बरामद किया गया। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

हरिश्चन्द्र पुत्र झन्नी (उम्र करीब 32 वर्ष) निवासी ग्राम हुसैना थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर

बरामदगी का विवरण-

1. माल 01 अदद साईकिल
2. 77 किलो0ग्रा0 गेहूं दो बोरी
3. 1,000 रूपये नगद

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 रामशिरोमणि
2. उ0नि0 राजीव कुमार साहू
3. हे0का0 संजय कुमार